हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 17 मई 2024

06 बरसात पूर्व निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के एसडीएम...



08 पुलिस-खनिज विभाग की लापरवाही से अंधी रफ्तार...





## खबर संक्षेप

### डेयरी से खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए, होगी जांच

**विदिशा।** खाद्य औषधि प्रशासन के द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की जांच-पड़ताल की जा रही है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा नगरीय क्षेत्र के बरईपुरा चौराह स्थित गोकुल डेयरी से खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। जिन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच में सैंपल फेल होने के बाद कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एडलीन ई पन्ना ने बताया कि गोकुल डेयरी से श्रीधी ब्रांड के टोंड मिल्क, डबल टोंड मिल्क, दही, छाछ के सैंपल एकत्रित किए गए हैं। खाद्य सैंपल को जांच परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा है।

### संस्कृत संस्कार शिविर आज से होगा प्रारंभ

**विदिशा।** विद्युत मंडल स्थित महाकालेश्वर मंदिर पर 21 वर्षों से संचालित महाकालेश्वर संस्कृत पाठशाला में ब्राह्मण बालकों को प्रतिदिन निशुल्क शिक्षा दी जा रही है। 17 से 23 मई तक सप्त दिवसीय संस्कृत संस्कार शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में निशुल्क ब्राह्मण बालकों को संस्कारों की शिक्षा के साथ वेद व्याकरण, संध्या बंधन, ज्योतिष, कर्मकांड, हस्तरेखा एवं वास्तु शास्त्र की शिक्षा दी जाएगी। महाकालेश्वर संस्कृत पाठशाला के आचार्य पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि शिविर का समय सुबह 9 से 11 बजे तक रहेगा। संस्कृत संस्कार शिविर में श्री महाकालेश्वर संस्कृत पाठशाला में नगर के लोग भाग ले सकते हैं।

### योगाभ्यास से विकसित होती है कार्य कुशलता

**विदिशा।** हार्टफुलनेस सेंटर में चल रहे योग एवं ध्यान शिविर के चौथे दिन वक्ताओं ने कहा की योग, प्राणायाम एवं ध्यान का नियमित अभ्यास करने से संवेदनशीलता बढ़ती है। जिससे हमारी चेतना एवं अधिचेतना का विकास होता और प्रज्ञा विकसित होती है। परिणामस्वरूप हर कार्य में कुशलता आती है। गुरुवार को सत्र का शुभारंभ शिक्षा विभाग के बीईओ आरके जैन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सत्र के अंत में रिलेक्सेशन हार्टफुलनेस प्रशिक्षक संजीव राठौड़ एवं प्रशिक्षक राजेंद्र सुराणा द्वारा हार्टफुलनेस मेडिटेशन का अभ्यास कराया कराया गया।

### उर्वरकों का अग्रिम भंडारण करें किसान

**विदिशा।** जिले के किसान के लिए खरीफ मौसम में उर्वरक उपलब्ध कराने अग्रिम भंडारण योजना अंतर्गत उर्वरकों का भंडारण कराया जा रहा है। योजना में 4 प्रमुख उर्वरक यूरिया, डीएपी, काम्पलेक्स व पोटाश को शामिल किया गया है। योजना 1 फरवरी से 31 मई तक ही है। वर्तमान में जिले में विपणन संघ के डबल लॉक केन्द्रों एवं सहकारी समितियों में यूरिया 6342 मेट्रिक टन, डीएपी 10914 मेट्रिक टन, एनपीके 500 मेट्रिक टन एवं पोटाश 60 मेट्रिक टन उपलब्ध है।

### ड्यूटी पर जाने के लिए तैयार होने बाथरूम में गई थी किरण

# ऑर्थोपेडिक विभाग में पदस्थ नर्स की मौत बाथरूम का दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला

मेडिकल कॉलेज के ऑर्थोपेडिक विभाग में पदस्थ नर्स किरण रैकवार की बाथरूम में बेहोश होने के बाद मौत का मामला सामने आया है, लेकिन मौत किस कारण से हुई इसका पता नहीं चला सका है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



**विदिशा।** घटना के बाद नर्स के रूम में पहुंचकर पुलिस ने की जांच पड़ताल, कमरे को बंद करा दिया गया है।

अपने काम के लिए बेहद जिम्मेदार और परिवार के लोगों की जिम्मेदारी उठा रही मेडिकल कॉलेज के ऑर्थोपेडिक विभाग में पदस्थ नर्स किरण रैकवार गुरुवार सुबह अपने हॉस्टल के बाथरूम में बेहोश मिली। जब वह काफी देर तक बाथरूम से नहीं निकली तो रूममेट ने दरवाजा खुलवाने की कोशिश की। दरवाजे के नीचे से देखा तो किरण बाथरूम में बेहोश पड़ी थी। बाद रूम मेट ने आसपास के कमरों में रह रहीं नर्सों को बुलाया और बाथरूम का दरवाजा तोड़कर किरण को बाहर निकलवाया। बेहोश किरण को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि किरण जबलपुर की रहने वाली थी। उसके पिता ऑटो चलते हैं और वह चार भाई बहनों में सबसे बड़ी थी। उस पर घर की जिम्मेदारी थी। हाल ही में उसने अपने छोटे भाई को लोन लेकर एक लोडिंग ऑटो दिलवाया था। अपनी बहन को नर्सिंग की पढ़ाई करा रही थी। किरण अपने काम की प्रति इतनी गंभीर थी कि वह अपनी ड्यूटी समय से पहले ही अस्पताल पहुंच जाती थी और अपने काम को बखूबी करती थी। उसके काम से सभी लोग खुश रहते थे। गुरुवार सुबह जब बाथरूम में नहाने गई इस दौरान यह हादसा हो गया।

■ जबलपुर की निवासी थी मृतका नर्स किरण रैकवार।

#### साथ में काम करने वाली नर्सें भी भर्ती

नर्स किरण रैकवार की मौत से उसके साथ काम करने वाली नर्सों का रो-रो कर बुरा हाल था। रो-रो कर कुछ नर्सों की हालत इतनी खराब हो गई कि उनको भर्ती किया गया। वहीं मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ मनीष निगम ने बताया कि किरण बाथरूम में बेहोश मिली थी। दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकल गया। जब उसे अस्पताल लेकर आए तब उसकी बीपी और पल्स नहीं थी तत्काल उसे वेंटिलेटर पर रखा गया। डॉक्टर ने काफी कोशिश की लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। उसका पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही सही वजह सामने आ पाएगी।

## हत्या कर शव को पेटी में छिपाने वाले दोषियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

चतुर्थ अपर सत्र न्यायधीश राजेश शर्मा ने हत्या करके शव को पलंग पेटी में छिपाने वाले आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

अपर लोक अभियोजक दीपक कुमार सेन ने बताया कि 23 सितंबर 2020 को कविता सेवकानी ने सिविल लाइन थाने में सूचना दी की पति कमल सेवकानी, बंटे अंकित एवं दोस्त लक्ष्मीनारायण कार से विदिशा आए थे। कमल सेवकानी ने अपने बेटे अंकित से कहा कि वह पप्पन सिंधी के यहां पैसे देने जा रहे हैं। दोपहर 1:25 बजे कमल ने अपनी पत्नी कविता सेवकानी फोन पर बात की और कहा की उसने रानी को पैसे दे दिए हैं तभी से कमल का फोन बंद आने लगा। तब कविता ने अपने बेटे अंकित से बात कि और कहा की तुम्हारे पापा का फोन बंद आ रहा है और वह भी भोपाल से विदिशा आई और फिर सभी लोग रानी के घर हलाली कॉलोनी गए रानी के घर का शटर आधा बंद था।

#### घर में चार लोगों ने मिलकर की थी हत्या

जब घर के अंदर पहुंची तो देखा कि डबल बेड की पलंग पेटी में उसके पति कमल सेवकानी की लाश पड़ी है। कविता सेवकानी ने सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज कराया। सिविल लाइन पुलिस ने रानी से पूछताछ की। तब पुलिस को पता चला की मृतक कमल सेवकानी की हत्या रानी ललवानी, अंकित अहिरवार, सतीश मेहरा, बिट्टू उर्फ मोहन रघुवंशी ने मिलकर की। सतीश मेहरा ने घटना के समय पहने हुए कपड़े, शासकीय अधिवक्ता दीपक सेन एवं एडिशनल डीपीओ मनीष केथोरिया द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### अपराधी को जिला बदर करने का आदेश जारी

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने एसपी के प्रतिवेदन पर एक प्रकरण में जिला बदर के आदेश जारी किया है। कई अपराधों में लिप्त भूरा पंथी पिता रामचरण पंथी उम्र 48 साल निवासी ग्राम ओखलीखेड़ा थाना आनंदपुर को छह माह के लिए जिलाबदर किया गया है। उक्त अवधि में विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से छह माह की कालावधि के लिए उसे निष्कासित किया है।

## हत्या का प्रयास: 4 फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नटेरन पुलिस ने हत्या के प्रयास के 4 फरार इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मुखबिर की सूचना पर ग्राम करईया जमुसर थाना बैरसिया एवं ग्राम रायपुर थाना नटेरन से घेराबंदी कर पिंकू पारदी पिता भूरा पारदी उम्र 23 साल, किस्मत पारदी पिता रूप सिंह पारदी उम्र 42 साल, सूरज पारदी पिता भूरा पारदी उम्र 19 साल, भूरा उर्फ हमास पिता कैलाचंद पारदी उम्र 38 साल निवासी रायपुर टपरा थाना नटेरन को गिरफ्तार किया। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया है। आरोपी अगस्त 2023 से फरार थे। एसपी ने इन आरोपियों पर इनाम की घोषणा की गई थी।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**विदिशा।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू की रोकथाम व बचाव पर आधारित रैली, कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ टीआर शर्मा ने बताया कि सीएमएचओ के मार्गदर्शन में जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर डेंगू की उत्पत्ति, लक्षण, बचाव तथा उपचार की जानकारियां दी गई हैं। कार्यक्रमों में डेंगू बुखार क्यों होता है, सामान्य लक्षण, कैसे फैलता है, बचाव के उपाय इत्यादि की भी जानकारियां सुगमता से विभाग के द्वारा वितरित किए जा रहे पंपलेटों के माध्यम से दी जा रही है।

## नगरपालिका सीएमओ के वाहन से भिड़ा बाइक सवार, सीएमओ ने खुद अस्पताल में भर्ती कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

गुरुवार को नगरपालिका सीएमओ धीरज शर्मा के वाहन से एक दो पहिया वाहन चालक की भिंड़ंत हो गई। घटना एसएटीआई कॉलेज के गेट के सामने की है। सीएमओ के सुरक्षा गार्ड ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष के निवास से वाहन नगरपालिका भवन की ओर आ रहा था। कॉलेज के सामने वाहन को मोड़ा गया। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार कृष्णा दांगी बाइक सहित वाहन से टकरा गया। सुरक्षा गार्ड ने बताया कि उस वक्त वाहन में नपा सीएमओ धीरज शर्मा के अलावा नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा व चालक मौजूद थे। सीएमओ धीरज शर्मा ने तुरंत ही अपना वाहन छोड़ा और दूसरे वाहन से घायल को जिला अस्पताल रवाना किया। डॉक्टर प्रदीप गुप्ता ने बताया कि बाइक सवार का उपचार किया जा रहा है।

मोड़ पर अचानक से आकर सीएमओ की कार से भिड़ गया तेज रफ्तार बाइक सवार, अस्पताल में किया जा रहा है उपचार।

### पठारी पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**विदिशा।** नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पठारी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी गोलू अहिरवार निवासी केथोरा नाबालिग को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया। बालिका की बहन से थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की और धाराओं में इजाफा करते हुए पॉक्सो एक्ट की धारा लगाई गई।

## अस्पताल में मरीजों को नहीं मिल रहा ठंडा पानी

सिविल सर्जन बोले: लोग लिफ्ट में लोग गुटखा थूक रहे हैं, लिफ्ट के पंखे चोरी कर लिए, वाटर कूलर का उपयोग नहाने किया जा रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



जिला अस्पताल में मरीज बाहर से पानी के लिए ठंडा ला रहे हैं। अस्पताल में ठंडा पानी नसीब नहीं हो रहा। इन दिनों बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। लेकिन अस्पताल में ठंडा पानी नहीं मिल पा रहा। खास बात यह है कि जिन नलों में पेयजल की व्यवस्था की गई है वह शौचालय और मूत्रालय के पास हैं। जिसकी बदबू और गंदगी की वजह से भी लोग पानी पीने की इच्छा नहीं रखते। मरीजों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ठंडे पानी की व्यवस्था न होने के कारण भीषण गर्मी में कंठ तर नहीं हो पा रहे हैं। सिविल सर्जन डॉक्टर शिरीष रघुवंशी का कहना है कि वाटर कूलर के पानी का पीने की जगह नहाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि हमने एक गार्ड को लोगों के पास मौजूद गुटखा पाउच निकालने के लिए ही तैनात किया है। उसके बावजूद भी जिला अस्पताल की गलियों में और लिफ्ट में लोग थूक रहे हैं। लिफ्ट के पंखे चोरी कर लिए गए हैं। उन्होंने लोगों को जागरूक करने की जरूरत पर जोर दिया।

## जुआ खेलते 7 जुआरी धराए, 5 बाइक जब्त

### हसनपुर जठोदा में पंचायत भवन के पास जुआ खेलने की मिली थी सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा




नटेरन पुलिस ने जुआ खेलते सात जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पांच बाइक जब्त की गई हैं। पुलिस को सूचना हसनपुर जठोदा में पंचायत भवन के पीछे कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। पुलिस पंचायत भवन के पास पहुंची तो जुआ खेल रहे लोग गिरते पड़ते भागने लगे। लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हे दबोच लिया।

पुलिस ने संजीव पिता रामभरण पंथी उम्र 43 साल निवासी कोरी मोहल्ला बासौदा, ईशु पिता मनोज राजपूत उम्र 24 साल निवासी वार्ड 21 बासौदा, अभिषेक पिता द्वारका प्रसाद शर्मा निवासी ग्राम रजौदो, प्रेमसिंह बंजारा पिता खूबसिंह उम्र 32 साल निवासी ग्राम फतेहपुर श्यामली थाना नटेरन, गब्बर पिता देवीसिंह लोधी उम्र 33 साल, निवासी ग्राम हसनपुर जाठौदा, नरेन्द्र पिता रघुवीर सिंह राजपूत उम्र 25 साल निवासी ग्राम निचरोन पडरिया, वीरू पिता मचल राजपूत उम्र 24 साल निवासी ग्राम हसनपुर जाठौदा को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 6750 रुपए 5 मोटर बाइक जब्त की गई हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी आशुतोषसिंह प्रधान आरक्षक सुनील बघेल सहित धर्मेन्द्र सिंह, दिलीप शर्मा, नवदीप शर्मा, जयप्रकाश गुर्जर दीपक पाल, सुनील कोरी, अनिल यादव, सत्यवीर मीना प्रमुख भूमिका रही।

### रोटरी क्लब और नेत्र सेवा सदन ने लगाया शिविर

## 150 मरीज का परीक्षण, 75 को ऑपरेशन के लिए किया चिन्हित

मरीज को ऑपरेशन के लिए निशुल्क ले जाने, खाने, पीने, रहने और वापस लाने का भी किया गया है इंतजाम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मानव सेवा न्यास में रोटरी क्लब और सेवा सदन नेत्रालय हृदय रामनगर के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 150 से ज्यादा महिला पुरुषों को जांच की गई। वहीं करीब 75 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। जिन्हें निशुल्क हृदय रामनगर ले जाया जाएगा। वहीं उनके आने जाने, खाने, पीने और रहने की व्यवस्था भी होगी। ऑपरेशन के बाद सभी मरीजों को वापस इसी स्थान पर छोड़ा जाएगा। महिलाओं ने बताया कि 4 महीने पहले उन्हें शिविरों के बारे में जानकारी लगी थी। 2 महीने पहले उनकी एक आंख का ऑपरेशन किया गया है।

इस बार वह दूसरी आंख के ऑपरेशन के लिए जा रही हैं। वहीं रोटरी क्लब के अध्यक्ष का कहना है कि रोटरी क्लब सेवा के कार्य इसी प्रकार से करते आ रहा है। मरीज को निशुल्क जांच और ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मरीज पर ऑपरेशन के लिए करीब 18 हजार रुपए खर्च होता है जो मरीज से नहीं लिया जाता।

### नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को सजा सुनाई

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ के आरोपी को न्यायालय जसवंत सिंह यादव तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने पांच साल की सजा सुनाई। प्रकरण में पैरवी जिला सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी प्रतिभा गौतम द्वारा की गई। थाना गुंलाबगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि घटना वाले दिन शाम 7 बजे नाबालिग गांव में दुकान पर सामान लेने गई। घर के पास रहने वाला आरोपी आया छेड़छाड़ करने लगा। नाबालिग ने उसे डांटा और सामान लेकर आ गई। थोड़ी देर बाद आरोपी उसके घर आया और उससे पीने के लिए पानी मांगने लगा। वह पानी लेने अंदर आई तभी आरोपी चुपचाप अंदर आ गया और पीछे से बुरी नियत से उसके दोनों हाथ पकड़ लिए और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। नाबालिग ने हाथ में रखे लोटे से आरोपी को मारा और जोर से चिल्लाई तो उसकी बहन आ गई। तो आरोपी वहां से जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

### कलेक्टर और सीईओ ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास के कार्यों की समीक्षा की

## बेहतर सेवाओं के लिए अमला जाना जाए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के समस्त अधिकारियों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा कि जिला प्रदेश में अच्छी रैंक हासिल करे इसके लिए विभागीय अमला पूरी लगन से ग्रामीण विकास के कार्यों में जुट जाएं।

उन्होंने कहा कि यदि कहीं कोई समस्या आती है या जो भी मदद जिला प्रशासन से चाहते हैं तो इसके लिए व्यक्तिगत संपर्क कर अवगत कराएं। ग्रामीण विकास के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो का विशेष ध्यान रखें, हमारी सर्विस डिलीवरी मजबूत होना अति आवश्यक है। साथ ही ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारी कोई नवाचार करना चाहते हैं तो वह भी करें ताकि जिले में नवाचार के माध्यम से प्रदेश में विदिशा जिले का नाम रोशन हो सके।

कलेक्टर वैद्य ने कहा कि हमारी कार्यशैली बहुत सारे लोगों को प्रभावित करती है। सर्विस डिलीवरी बेहतर होगी और जब हम फील्ड पर जाकर आपके कार्यों का निरीक्षण करें तो कार्य अच्छे मिलें, बेहतर वातावरण हो। इसलिए विभागीय अमला पूरे कॉन्फिडेंस के साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास के कार्यों में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि विभागीय अमला टीमवर्क भावना से कार्यों का संपादन करें हमारी प्राथमिकता और जिम्मेदारी है कि जिले के नागरिकों को अच्छी सेवाएं मिलें इसलिए सकारात्मक भावना के साथ मजबूती से कार्यों को करें। जिपं सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीण विकास विभाग के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की इन कार्यों की प्रगति धीमी न हो जिले की रैंक प्रदेश में सम्मानजनक स्थान पर बनी रहे। उन्होंने पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत जिले में क्रियान्वित कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा भी की।

जिला पंचायत सीईओ डॉ भरसट ने मनरेगा अंतर्गत जिले की जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्रामों में किए जा रहे कार्यों के संबंध में भी निर्देश दिए। उन्होंने गोशालाओं के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4252
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-3350
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2282
उच्चतम भाव- 2391
चना
न्यूनतम भाव- 3100
उच्चतम भाव- 6426
मसूर
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-6480
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2360
उच्चतम भाव-4903
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-5702
सरसों
न्यूनतम भाव-4310
उच्चतम भाव-5760
उड़द
न्यूनतम भाव-5590
उच्चतम भाव-8500
धान
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-2750
इमली
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-2216
धना
न्यूनतम भाव-5100
उच्चतम भाव-6000
तुअर
न्यूनतम भाव-6500
उच्चतम भाव-6500
बटरी
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-6150
मूंग
न्यूनतम भाव-6700
उच्चतम भाव-6700
अलसी
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-5200
अन्य
न्यूनतम भाव-1655
उच्चतम भाव-4900

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 34238 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### कुसुम बाई का निधन

**गंजबासौदा।** शिखरचंद जैन कंजिया वालों की पत्नी संजीव कुमार आर्जव हार्डवेयर, राजकुमार जैन अमर पेलेश सुभाष चौक वालों की माताजी एवं आर्जव अर्नव की दादी कुसुमबाई का देवलोकगमन हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा गुरुवार को निज निवास अमर पैलेस सुभाष चौक से सुबह 9 बजे पाराशरी विश्राम घाट के लिये निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अशोक, सुरेश, संजीव जैन को मातृशोक



**गंजबासौदा।** अशोक कुमार, सुरेश कुमार, संजीव कुमार बीमा वालो की माताजी एवं हार्दिक, हर्षित सम्यक जैन की दादीजी का देवलोकगमन हो गया है। जिन की अंतिम यात्रा दिनाँक गुरुवार को निज निवास जैन मन्दिर गली से प्रातः 9 बजे परासरी विश्राम घाट के लिये निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने शामिल होकर उन्हें अंतिम विदाई दी।

### जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर वस्तु स्थिति का लिया जायजा

# बरसात पूर्व निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के एसडीएम ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा









नगर पालिका परिषद द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण, पारासरी गहरीकरण, पुल निर्माण, नाला सफाई कार्य में तेजी लाने और इन्हें मानसून से पहले निपटाने की मंशा लिए एसडीएम विजय राय और सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने मौके पर पहुंचकर वस्तु स्थिति का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ नपा सीएमओ जयंत वर्मा, पंचतत्व संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, समाजसेवी विजय अग्रवाल के अलावा अन्य नपाकर्मी भी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि 15 जून के आसपास मानसून इलाके में दस्तक दे देता है। अभी नगर पालिका परिषद द्वारा मुख्य मार्ग एवं वार्डों से निकले नालों की सफाई कार्य तेजी से कराई जा रही है। इसी तरह वेदनखेड़ी वार्ड क्रमांक 8 में पुल का निर्माण भी चल रहा है। साथ ही मिल वाली माता मंदिर में सीसी कारण के अलावा पाराशरी गहरीकरण कार्य को भी प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है। इन्ही सभी कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए एसडीएम विजय राय, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव सहित नगर विकास में रुचि रखने वाले नागरिकों के साथ इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव ने गुरुवार के दिन सभी जगह पहुंचकर एक के बाद एक निर्माण कार्य में प्रगति को जांचा। एसडीएम विजय राय ने पाराशरी गहरीकरण, बेदन खेड़ी पुल निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्यों को 15 जून से पहले अधिक से अधिक तेजी के साथ कराए जाने के निर्देश दिए। ताकि मानसून के आगमन के बाद किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े। इसके बाद सभी ने क्लब पार्क में बनने वाले पत्रकार भवन के निर्माण की प्रक्रिया को भी सभी ने मौके पर जाकर समझा। दो माह पूर्व विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव के अलावा पार्षदों, पत्रकारों और नागरिकों की उपस्थिति में इसका भूमि पूजन किया गया था।


# धोखाधड़ी कर राशि हड़पने को लेकर दिया शिकायती आवेदन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के वार्ड क्रमांक 7 कालाबाग निवासी आशीष कुमार पवार ने सिटी थाना प्रभारी को एक शिकायती आवेदन दिया है। जिसमें इन्वेस्ट के नाम पर धोखाधड़ी कर राशि हड़पने के संबंध में रिर्पोट दर्ज करने की मांग की गई है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि माह नवम्बर 2023 से 21 अप्रैल 2024 तक कुल राशि सोलह लाख चौसठ हजार दो सौ उन्यासी रूपये विभिन्न किस्तों के माध्यम से कंपनी में इन्वेस्ट एवं इनकम टेक्स जमा करने के नाम से धोकाघड़ी की गई है। प्रार्थी की बेटी को भी विश्वेश पटेल द्वारा उक्त धोखाधड़ी में शामिल किया गया। जिसमें प्रार्थी की बेटी महक पवार द्वारा विश्वेश पटेल को मेरे एवं मेरे परिवार के बारे में सारी जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिसका फायदा उठाते हुए पहले मेरी बेटी को जीएनडी टेक्नॉलोजी कंपनी बड़ोदरा गुजरात में अच्छी पोस्ट पर नौकरी देने की बात कही गई और विश्वेश पटेल उसके सम्पर्क में आया और मेरी बेटी उसकी लुभावनी बातों में आकर बडोदरा विश्वेश पटेल के पास चली गई जो आज दिनांक तक वापिस नहीं आई है। नवम्बर माह से उक्त समय अवधि में विभिन्न किस्तों के रूप में महक पवार एवं विश्वेश पटेल द्वारा जीएनडी टेक्नोलॉजी कंपनी बडोदरा में इन्वेस्ट एवं इनकम टेक्स के नाम पर 16,64,279 रुपए की घोखाधड़ी की गई है। दिए गए शिकायती आवेदन में उक्त धोखाधड़ी करने वाले उक्त आरोपियों पर शीघ्र कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।

# विद्युत ट्रांसफार्मर में लगी आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विद्युत लाइनों और उपकरणों का समय पर और ठीक ढंग से मेंटेनेंस न होने के कारण नगर सहित इलाके भर में आए दिन विद्युत उपकरण खराब होने और लाइनों में फाल्ट आने की समस्या आ रही है। जिससे उपभोक्ताओं को घंटों तक विद्युत कटौती का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत उपकरण खराब होने में भीषण गर्मी भी एक कारण मानी जा रही है। गुरूवार को भी बरेठ रोड पर एक स्कूल के पास लगे ट्रांसफार्मर में आग लग गई। जिससे वहां का विद्युत प्रदाय घंटों तक बाधित रहा। यहां उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष विद्युत कंपनी द्वारा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत उपकरणों एवं लाइनों का मेंटेनेंस किया जाता है। अच्छा खासा बजट आने के बावजूद भी इस कार्य को मात्र औपचारिकता भर निभाकर छोड दिया जाता है। जिससे साल भर उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पडता है। पिछले दिनों ही नगर में एक के बाद एक तीन ट्रांसफार्मरों में आग लग गई थी और लाइनों में फाल्ट आ गए थे। जिसके कारण सुबह से लेकर देर रात तक उपभोक्ताओं को विद्युत कटौती के चलते परेशान होना पडा था। वहीं इस घटना के चार दिन बाद ही गुरूवार को बरेठ रोड पर एक स्कूल के पास लगे ट्रांसफार्मर में आग लग गई। जिसके बाद विद्युत कंपनी ने इस क्षेत्र का विद्युत प्रदाय बंद कर दिया और काफी देर तक सुधार एवं मरम्मत कार्य के बाद विद्युत प्रदाय बहाल किया गया। जिससे लोगों को भीषण गर्मी में विद्युत कटौती के चलते परेशानी उठानी पड़ी। नागरिकों ने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से मानसून के पूर्व सही ढंग से मेंटेनेंस कार्य कराने की मांग की है, ताकि आगे परेशानी न उठानी पड़े।

# रेलवे स्टेशन पर बेतरतीब खड़े होते हैं ऑटो रिक्शा, यात्रियों को हो रही है परेशानी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इन दिनों नगर के रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण कार्य चल रहा है। ऐसे में यात्री आवागमन के लिए निजी वाहनों एवं ऑटो रिक्शा का सहारा लेते हैं। ऐसे में पार्किंग में खड़े वाहनों के चलते पैदल यात्रियों और अन्य नागरिकों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। जिससे सुबह और शाम के समय रेलवे स्टेशन परिसर में जाम की स्थिति भी निर्मित हो रही है। यहां उल्लेखनीय है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मुख्य भवन के निर्माण के साथ ही परिसर में पार्किंग एवं अन्य सुविधाओं का भी विस्तार किया जा रहा है। ऐसे में यात्रियों को आने जाने के लिए एक अस्थाई रास्ता बनाया गया है। इसी रास्ते के सामने खाली भूमि पर यात्रियों के निजी वाहन खडे हो रहे हैं और उन्हीं के सामने ऑटो रिक्शा खडे हो जाते हैं। कुछ ऑटो रिक्शा और निजी वाहन बेतरतीब ढंग से खडे होने के कारण यहां से निकलना मुश्किल हो जाता है। यहां तक कि पैदल यात्री भी नहीं निकल पाते हैं। इस संबंध में जीआरपी और आरपीएफ भी समय समय पर कार्रवाई करती रहती है, लेकिन नियमित ध्यान न देने और सही ढंग से वाहनों एवं ऑटो रिक्शा खडे न करवाने से स्थिति जस की तस बन जाती है और इन वाहनों के चलते मुख्य प्रवेश द्वार पर ही अव्यवस्था एवं जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। यात्रियों ने मांग की है कि यदि ऑटो सही ढंग से खड़े हो जाएं तो जाम की स्थिति होगी ही नहीं और यात्रियों को भी सुविधा रहेगी।

### गर्मी और उमस से बढ़ी परेशानी

**गंज बासौदा।** विगत दो तीन दिनों से इलाके में गर्मी और उमस में वृद्धि हुई है। लगातार तापमान के पारे में इजाफा हो रहा है। जिससे लोगों में उल्टी, दस्त, घबराहट, सिरदर्द, चक्कर आने की समस्याएं देखी जा रही हैं। गुरुवार को तापमान 40 डिग्री से ऊपर होने से तेज गर्मी और उमस के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग गर्मी से बचने के जतन करते देखे गए। वहीं गर्मी के चलते मटकों एवं शीतल पेय पदार्थों की मांग भी बड़ गई है।

# वेतन न मिलने से सफाई कर्मियों ने किया काम बंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

विगत दो-तीन माह से त्योंदा अस्पताल के सफाई कर्मचारियों की वेतन न आने के कारण सफाई कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया है। जिससे जच्चा बच्चा वार्ड एवं डिलीवरी रूम में गंदगी होने के कारण डिलीवरी वाली महिलाओं को विदिशा रेफर किया जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में गंदगी फैली हुई है, बड़े-बड़े अधिकारियों की साठगांठ से ठेका दिया जाता है और ठेकेदार द्वारा समय पर सफाई कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया जा रहा। जिससे सफाई कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया है और स्वास्थ्य केंद्र में गंदगी ही गंदगी फैली है। यहां पर इलाज करवाने के लिए ग्रामीण कतरा रहे हैं। त्योंदावासियों ने स्वास्थ्य केन्द्र पर साफ, सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

### मंडी कार्यालय में घुसा गोहरा, कर्मचारी घबराए



**गंजबासौदा।** गुरूवार को नवीन कृषि उपज मंडी कार्यालय में एक कक्ष में गोहरे का बच्चा जा घुसा। जिसे देखकर कक्ष में काम कर रहे कर्मचारी घबराकर बाहर निकल आए। हांलाकि इसके बाद कक्ष में आसपास तलाश किया गया, लेकिन गोहरा नहीं नजर आया। जिसके बाद कर्मचारियों को समझाइश दी गई कि गोहरे के बच्चे से कोई खतरा नहीं होगा। इसके बाद बमुश्किल कर्मचारी काम करने के लिए कक्ष में पहुंचे। यहां उल्लेखनीय है कि भीषण गर्मी में छोटे जीव जंतु छाया एवं सुरक्षित स्थान की तलाश में घरों, कार्यालयों में जा घुसते हैं।

### दो पक्षों में हुई थी मारपीट, दोनों मामलों में पुलिस ने किया आरोपियों पर मामला दर्ज

# हत्या का प्रयास करने वाले तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सिटी थाना पुलिस ने हत्या का प्रयास करने वाले आरोपियों को 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। फरियादी चेतन उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 9 सिंधी कालोनी ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दोपहर के समय मैं और मेरा बड़ा भाई राजू, बलराम सेन की दुकान के पास खड़े थे। तभी वहाँ पर भारत, आकाश और रवि आये और पुरानी रंजिश पर गाली, गलौंज करते हुए जान से मारने की नियत से चाकू से हमला कर दिया। जिससे मेरे पेट और पीठ में चाकू से घाव हो गए। मेरा बडा भाई राजू बचाने लगा तो उसके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर तीनों आरोपियों पर भादंवि की धारा 307, 294, 323, 34 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था।

उधर इसी मारपीट के मामले में पुलिस ने दूसरे पक्ष की रिपोर्ट पर भी तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। दूसरे पक्ष के फरियादी भारत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पुरानी रंजिश पर चेतन, राजू और छोटू ने उसे रास्ते में रोका और उस पर चाकू से हमला कर दिया। भारत के अनुसार इन आरोपियों ने दो दिन पहले भी जब वह काम पर जा रहा था तो उसके साथ मारपीट की थी, जिसकी शिकायत उसने थाने में की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। यदि तभी कार्रवाई हो जाती तो यह घटना नहीं होती। इसी कारण उन्होंने फिर से हमला कर दिया।

पुलिस ने भारत की शिकायत पर चेतन, राजू और छोटू के ख़िलाफ भादंवि की धारा 294, 341,323, 324, 506, 34 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है। इस मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन में सिटी थाना में एक टीम गठित की गई। टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर प्रकरण में एक पक्ष के आरोपियों को भौतिक साक्ष्यों के आधार पर घटना के 12 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपीगण भारत उम्र 23 साल निवासी वार्ड नंबर 10 गौशाला, आकाश उम्र 22 वर्ष और रवि उम्र 19 वर्ष निवासी आचार्य कालोनी करैयाखेड़ा रोड विदिशा को गिरफ्तार कर उनसे घटना में प्रयुक्त हथियार दो चाकू जब्त किए गए। उक्त कार्रवाई में सिटी थाना प्रभारी संजीव कुमार चौकसे, लक्ष्मण डाबर, भूपेन्द्र चौबे, लायक सिंह, सरमन साहू, उत्तम वर्मा, सतेन्द्र तोमर शामिल रहे। जबकि दूसरे पक्ष के आरोपियों पर कार्रवाई की जानकारी अभी तक अप्राप्त है।

# मंदिर प्रांगण में बनवाया गया पक्का चबूतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




गुरुवार को स्थानीय रेस्ट हाउस स्थित शिव मंदिर में कन्याभोज एवं पूजन का आयोजन किया गया। रीतिका अरोरा ने बताया कि क्लब अध्यक्ष ने पिछले वर्ष इस मंदिर की दीवार बनवाने का कार्य किया था एवं मंदिर प्रांगण में ही स्थित एक पीपल का वृक्ष है जिसके पूजन की पुरातन मान्यता है। यहां महिलाएं फेरे लगाने एवं पूजन के लिए आती हैं किंतु इस वृक्ष के आसपास कोई पक्का चबूतरा नहीं होने के कारण पूजन करने वाली महिलाओं को असुविधा होती थी।

इसी को ध्यान में रखते हुए मंजू ओसवाल ने इस वर्ष यहां टाइल्स लगवा कर पक्के चबूतरे का निर्माण करवाया। ताकि यहां महिलाएं अच्छे से पूजन कीर्तन का आयोजन कर सकें। इस कार्य में समाज सेविका मीना शाह ने अपना सहयोग क्लब को प्रदान किया। इसी तारतम्य में चबूतरा बनने के उपरांत कन्याभोज कराते हुए कन्या पूजन किया गया। इस अवसर पर कन्याओं सहित समाजसेविका मीना शाह, क्लब अध्यक्ष, सचिव मिनाली ओसवाल, एडिटर अनीता प्रणय जैन, मंडल प्रमुख रिंकी जैन, राजरानी अरोरा एवं विजय अरोरा, एवं स्थानीय महिलाएं और अन्य नागरिकगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षण 20 और 21 मई को

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन की मतगणना / डाक मतपत्र गणना 4 जून को निर्धारित है। उक्त कार्य को संपादित करने हेतु आपके कार्यालय के अधिकारी / कर्मचारी (संलग्न सूची अनुसार) को गणना पर्यवेक्षक / गणना सहायक / सूक्ष्म प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया जाना है। मतगणना हेतु प्रशिक्षण 20 एवं 21 मई को समय प्रातः 11.00 बजे से 2.00 बजे तक एवं डाक मतपत्र गणना प्रशिक्षण दोप. 2.30 से 4.30 तक पद्माकर सभागार मोतीनगर चौराहा, सागर में आयोजित किया जाएगा।

### डीएलएड पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**सागर।** प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा अशासकीय महाविद्यालयों में डीएलएड पाठ्यक्रम में शिक्षण सत्र 2024-25 के लिये पंजीयन की प्रक्रिया 13 मई से एमपी ऑनलाईन के माध्यम से शुरू कर दी गई है। उक्त संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल की वेबसाइट पर जाकर प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद वे अपना ऑनलाइन पंजीयन कर सकते है। प्रथम चरण के पंजीयन की अंतिम तिथि 26 मई निर्धारित की गई है।

### शांति व कानून व्यवस्थाओं के लिए सौंपे दायित्व

**सागर।** पीली कोठी सालाना उर्स 74 वें वर्ष आयोजन के समय 24 मई से 26 मई तक संपन्न किया जाएगा। इस अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालक दंडाधिकारियों को दायित्व सौंपे गये है। जिसके लिए 24 मई को मधुकर शाह वार्ड यादव कालोनी से मदन बाबा के निवास से संदली चादर शाम 4 बजे उठकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई पीली कोठी दरगाह पर चढ़ाई जाएगी व मीलाद शरीफ होने के उपरांत प्रातः काल के लिए नायब तहसीलदार विजय चौधरी एव नायब तहसीलदार सुरेश सोनी डयूटी करेंगे। 25 मई को सायं 6 बजे से कब्बाली समाप्ति तक के लिए नायब तहसीलदार सुनील बाल्मीक एवं नायब तहसीलदार विजयकांत त्रिपाठी एवं 26 मई को सायं 6 बजे से कब्बाली समाप्ति तक अधीक्षक भू अभिलेख देवी प्रसाद चक्रवर्ती एवं नायब तहसीलदार हरीश लालवानी डयूटी करेंगें।

### वृद्वाजनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 20 मई को

**सागर।** 60 वर्ष व उससे अधिक उम्र के वृद्वाजनों के स्वास्थ्य की जांच कर पीड़ित मिलने पर विशेषज्ञों से उनका उपचार कराने की उददेश्य से जिला चिकित्सालय सागर में आगामी 20 मई को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 20 मई को सुबह 9 बजे से लेकर सायंकाल 4 बजे तक आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविर में 60 वर्ष व उससे अधिक उम्र के वृद्वाजनों के स्वास्थ्य की जांच उपचार और फिजियोथैरेपी परामर्श एवं उपचार की जाएगा। साथ ही स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया जाएगा।

### निःशुल्क प्याऊ का किया शुभारंभ

**सागर।** श्रीराम सेवा एवं समाज कल्याण संगठन सागर द्वारा न्यू बस स्टैण्ड आर.टी.ओ. परिसर सागर में निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ 51 मटके रखकर किया गया। श्रीराम सेवा समाज सेवा एवं समाज कल्याण संगठन विगत 30 वर्षों से शहर के अनेकों स्थान पर निःशुल्क प्याऊ का कार्य करते है। श्रीराम सेवा समाज कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पं. महादेव प्रसाद दुबे, राष्ट्रीय स्वयं सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेष वर्मा एवं आशु दुबे द्वारा निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया।

### मातृ मृत्यु प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न

सागर। क्षेत्रीय संचालक डॉ. ज्योति चौहान की अध्यक्षता में आज संभागीय मातृ मृत्यु प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में संभाग के समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, एनएचएम भोपाल से सविता दुबे राज्य सलाहकार बी.एम.सी. से डॉ.जागृति नाहर, डॉ.निधि मिश्रा, डॉ.सुशीला यादव संयुक्त संचालक के साथ-साथ डी.सी.एम./डी.एच.ओ./चिकित्सा अधिकारी/नर्सिंग अधिकारी उपस्थित हुयें।

## कागजों में चल रहा नापतौल विभाग, जिम्मेदार अधिकारी बने अनजान

# मनमानी: प्रिंट रेट से अधिक दाम पर बेचा जा रहा था दूध का पैकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

भीषण गर्मी के चलते नगर वासियों को दूध डेरी पर गाय-भैंस का दूध नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में लोग किराना दुकानो से दूध के पैकेट खरीद कर काम चला रहें है। लेकिन शहर की अधिकांश दूध डेरी व अन्य किराना शॉप पर प्रिंट रेट से अधिक रेट पर उपभोक्ताओं को दूध के पैकेट बेचे जा रहे हैं। खास बात तो यह है कि इस बात की जानकारी नापतौल विभाग के अधिकारियों को होने के बावजूद भी इन दूध विक्रेता के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इन दुकानो पर दूध के पैकेट खरीदने के बाद बिल की मांग करने पर बिल भी नहीं दिया जाता। बिल मांगने पर दुकानदार द्वारा बोला जाता है। कि बगैर बिल के ही दूध मिलेगा लेना है तो लो।

### प्रिंट रेट से अधिक दामों में बिक रहा दूध

नगर में कई कंपनी के दूध की सप्लाई की जा रही है। साथ ही सभी कंपनी द्वारा दूध के पैकेट के दाम भी अलग-अगल निर्धारित हैं। लेकिन शहर के मिल्क पार्लर व किराना दुकान संचालक कंपनी द्वारा निर्धारित प्रिंट रेट से अधिक रुपए ग्राहकों से वसूल रहे हैं। वरिष्ठ समाजसेवी नवीन नामदेव ने बताया कि वह मोहल्ले की एक मिल्क पार्लर पर दूध का पैकेट लेने के लिए गए हुए थे। दूध के पैकेट पर दाम 24 रुपए लिखा था, जबकि दुकानदार द्वारा इस पैकेट को 28 से 30 रुपए में बेचे जा रहा है। वही उन्होंने कहा कि शहर में खुले आम प्रत्येक वस्तु को एमआरपी से अधिक दामों पर बेचा जा रहा है और विभाग गहरी नींद में सोया हुए है। विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले में बैठकर कर ही कागजों में कार्यवाही की जाती है। शहर में 12 माहिने दूध के पैकेट पर एमआरपी से अधिक पैसे लिए जातें है लेकिन नापतौल विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती।

### नापतौल विभाग गोल



शहर में लगभग प्रत्येक किराना दुकान व दूध डेरी पर दूध की विक्रय हो रहा है। कंपनी ने इनके दाम भी तय किए हैं, लेकिन फिर भी कपंनी द्वारा निर्धारित कीमत पर किसी को भी दूध नसीब नहीं हो रहा है। मिल्क पार्लर संचालक योजनाबद्ध तरीके से दूध के नाम पर लोगों से ठगी कर रहे हैं और मनमाने दाम लिए जाते हैं। वही इस संबध में नापतौल विभाग हमेंशा गोल नजर आता है। लाल रंग के आधा लीटर दूध के पैकेट पर कंपनी द्वारा 24 रुपए प्रिंट रेट दी गई है, जबकि दुकान संचालक उस पैकेट को 28 रुपए में बेचा जा रहा हैं। वहीं हरे रंग के आधा लीटर दूध के पैकेट पर प्रिंट रेट 25 रुपए है। लेकिन ग्राहकों को वह पैकेट 30 रुपए में मिल रहा है।

### संज्ञान में नहीं

ऐसा कोई मामला अभी हमारे संज्ञान में नहीं आया है। यदि कोई दुकानदार प्रिंट रेट से अधिक दाम पर दूध का विक्रय कर रहा है। तो कार्रवाई की जाएगी।

**निधी श्रीवास्तव, नापतौल विभाग**

### करेंगे कार्रवाई

दुकानदारों द्वारा प्रिंट रेट से अधिक दाम पर यदि दूध का विक्रय किया जा रहा है। तो दुकानदारो के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**हर्षल चौधरी, एसडीएम सिरोंज।**

## यात्रियों का पुष्पवर्षा कर किया गया स्वागत

# हज यात्रियों के लिए वैक्सिनेशन कैंप का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष रफत वारसी के निर्देशन में हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिए मदरसा इस्लामिया में हाजियों के लिए ट्रेनिंग एंव वैक्सिनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला हज कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉक्टर आमिर सरकार ने बताया कि यात्रा में किसी भी तरह की कोई परेशानी यात्रियों को न हो इस हेतु तरबियत कैंप का आयोजन किया गया था। कैंप में 69 हाजियों ने भाग लिया। सिरोंज, लटेरी, शमशाबाद कुरवाई, बासौदा के हाजी आए और यात्रियों को वैक्सीन लगाई गई। साथ ही शिविर में मक्का मदीना से संबंधित तमाम जानकारियां उपलब्ध कराई गई। तत्पश्चात जिला हज कमेटी के अध्यक्ष अमीर सरकार ने तमाम हाजियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

### हाजियों को दिया गया प्रशिक्षण



इस कार्यक्रम में भोपाल से तशरीफ़ लाए हाजी हाफिज इदरीश कुरैशी द्वारा हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों को प्रशिक्षण दिया। उसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पुरुष एवं महिलाओं का कॉविड वैक्सीनेशन एवं स्वास्थ्य से संबंधित टैबलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के समापन पर भोजन की व्यवस्था की गई थी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वक्फ कमेटी के जिला अध्यक्ष अय्यूब कुरैशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वही विगत दिनों लटेरी के एक गांव में तेंदुआ घुस आया था जिसे पकड़ने के लिए प्रशासन ने सिरोंज से परवेज मंसूरी को बुलाया गया था जिसने अपनी सूझबूझ से तेंदुए को पड़कने मैं अपनी अहम भूमिका निभाई थी। जिसको लेकर वक्फ कमेटी के जिला अध्यक्ष द्वारा परवेज मंसूरी का फूल माला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया।

साथ ही जिला अध्यक्ष द्वारा मदरसे के बाहर बनी दुकानों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर वक्फ कमेटी के जिला सचिव आमीन मंसूरी विदिशा वक्फ कमेटी के अध्यक्ष रहमान राईन, भाजपा के वरिष्ठ नेता नसीम खान,तहसील सिरोंज वक्फ कमेटी के अध्यक्ष वाजिद कुरैशी,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नगर अध्यक्ष मुनीम गौरी, वाहिद खान गोरी, बादशाह मियां, शब्बू गोरी,वाजिद मेकेनिक, हामिद खान,अरशद मंसूरी,आशु खान, बब्लू खा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## विधायक उमाकांत शर्मा ने की आगवानी

# श्वेताबर जैन समाज के गुरूदेव अभय देवसूरीश्वर महाराज का हुआ नगर आगमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



श्वेताबर जैन समाज के परम पूज्य गूरू जी गच्छाधिपति अभयदेव सूरीश्वर जी महाराज का नगर आगमन हुआ। जिसकी भव्य आगवानी क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा ग्राम बगरौदा में की गई। इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुनाथ सिंह रघुवंशी, अवतार सिंह रघुवंशी,मान सिंह रघुवंशी एवं ग्राम पंचायत बगरौदा के सरपंच पति विक्रम सिंह परिहार सहित अन्य लोगो के द्वारा पूज्य गुरूजी का चंदन, केसर के द्वारा पाद प्रक्षालन किया गया एवं पूज्य गुरू जी से विधायक उमाकांत शर्मा ने राष्ट्रीय, सामाजिक और धार्मिक विषयों पर विशेष चर्चा के माध्यम से मार्गदर्शन भी लिया। जिसमें पूज्य संतश्री के द्वारा कहा गया कि हम सभी जाति, भेदभाव से परे होकर एकजुट होकर एकता के साथ रहें। इसी में हम सबका, समाज का और देश का हित निहित है। पूज्य गुरू जी का प्रवास ग्राम टोरी बागरोद में रहा। इस अवसर पर सकल जैन समाज सहित अन्य समाज के लोग भी उपस्थित रहे।

# सीएम राइज स्कूल में समर कैम्प का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई



सीएम राइज स्कूल में छात्र–छात्राओं के शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक रूप से पूर्णतः विकसित कने के उदेश्य से संचालित समर कैम्प का समापन समारोह पूर्वक आयोजित किया गया ।

समर कैम्प 1 से 15 मई के उपरांत 16 मई गुरूवार को अनुविभागीय अधिकारी मनोज कुमार प्रजापति के मुख्य आतिथ्य एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में समापन समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ। संस्था के प्राचार्य रश्मिकांत श्रीवास्तव के निर्देशन में समर कैंप के दौरान छात्र छात्राओं ने संगीत, गायन, वादन, खेल चित्रकला, योग कुश्ती, आर्ट एंड क्राफ्ट और अन्य कला की विधाओं में भाग लेकर निपुणता प्राप्त की। समर कैम्प समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोज प्रजापति अनुविभागीय अधिकारी कुरवाई ने समर कैम्प के प्रबंधन की प्रसंशा करते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया उन्होंने कहा कि कोई भी क्षेत्र हो बिना उच्च गुणवत्ता के सफलता आज के प्रतिस्पर्धी युग में संभव नहीं है। अतः मेहनत कर योग्यता हासिल करें और अपना एवं परिवार का नाम रोशन करें। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कमलसिंह बागडी ने सी एम राइज स्कूल के कार्यो की प्रसंशा करते हुए समर कैम्प की गुणवत्ता की सराहना की कैम्प में विद्यार्थियों के सकारात्मक प्रयासों को देखा क्राफ्ट कार्य में किए गए उत्कृष्ट कार्यो की सराहना की। इस अवसर पर प्राचार्य रश्मिकांत श्रीवास्तव ने बताया की लगभग 100 विद्यार्थी प्रतिदिन समर कैंप से खेल संगीत आर्ट एवं क्राफ्ट के गुर सीखने में सफल रहे संगीत में विशेष रुचि के साथ सीखा । इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ अभिभावक विद्यालय परिवार के शिक्षक कर्मचारी तथा प्रतिभागी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा समर कैम्प में शामिल छात्र छात्राओं को अनुविभागीय अधिकारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने प्रमाण पत्र दिए।

# केवट जयंती पर समाजजनों ने निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

केवट जयंती के अवसर पर शहर में केवट समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। समाज के लोगों द्वारा केवट महाराज की पूजन-अर्चना की गई एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन गाजे-बाजे एवं झांकी के साथ शुरू की गई। शोभायात्रा में ट्राली पर छोटे छोटे बच्चों को भगवान राम सीता लक्ष्मण को नाव में बैठाकर नदी पार कराने का दृश्य दिखाया गया जो मनमोहक लग रहा था। एक ट्राली में धर्मिक भजनों पर राधा कृष्ण नाचते चल रहे थे,शोभायात्रा नए बस स्टैंड से होते हुए शहर के मुख्य मार्केट होते हुए कार्यक्रम स्थल तक निकाली गई। शोभायात्रा में युवा समाजजनों द्वारा केवट महाराज के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए केवट समाज धर्मशाला पर पहुंचे, इस मौके पर वहां पर जुलूस का समापन होने के साथ ही पूजन-अर्चना की गई एवं प्रसादी का वितरण किया गया।

इस अवसर पर चल समारोह अध्यक्ष मुन्ना लाल केवट,रोहित केवट, समिति अध्यक्ष मोनू केवट, बंटी केवट,कमल केवट,रामू केवट, विक्रम केवट, कल्याण केवट, दयाराम , संजू केवट, दीपक केवट, तरुण केवट, माखन केवट, विनोद, प्रकाश केवट, पियूष केवट, विकास केवट, सहित बड़ी संख्या में स्वजातिय बंधु उपस्थित थे।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024: शीर्ष स्थान का लक्ष्य लेकर करें तैयारी: निगम आयुक्त

**सागर।** शहर स्वच्छ रहे और सुंदर दिखे इसके लिए नागरिक अपने शहर की स्वच्छता के प्रति जागरूकता का परिचय देकर शहर को स्वच्छ बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें इसी उद्देश्य को लेकर देश में स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान चलाया जा रहा है ताकि हर नागरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक हो और अपने शहर को स्वच्छ बनाए रखने में अपना योगदान दे। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में देश भर के समस्त नगर निगम, नगर पालिकाये और नगर परिषद भाग लेती है और बाहर से आने वाली टीम द्वारा अलग-अलग मानकों के आधार पर स्वच्छता संबंधी किए गए कार्यों का मूल्यांकन कर शहरो को रैंकिंग दी जाती है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारी को लेकर नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने पहले से प्रयास करना शुरू कर दिए हैं ताकि हमारा शहर साफ और स्वच्छ हो और नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता है और वह अपने शहर को स्वच्छ बनाए रखने मे अपने व्यवहार में परिवर्तन लाएं तो स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में शहर को अच्छी रैंक मिल सकती है जिससे शहर ही नहीं हर शहर वासी का भी मान बढ़ेगा। शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग दिलाने के लिए नगर निगम आयुक्त द्वारा अधिकारियों से लगातार पिछले अनुभवों और कर्मियों से सीख लेकर आगे उन कमियों को दूर कर पूरे समन्वय और एक दूसरे के सहयोग से शहर को अच्छी रैंकिंग दिलाने में कार्य करें और पिछली गलतियों में सुधार करके आगे अच्छा कार्य करें तो जरूर स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में नगर निगम सागर को स्थान प्राप्त हो सकेगा। स्वच्छ सर्वेक्षण के लिये सबसे पहले जरूरी है कि हम अपने शहर को साफ सुथरा बनाने के लिए कचरे का उत्सर्जन कम करें और जो कचरे का उत्सर्जन हो तो वह कचरा सीधे कचरा गाड़ियों में जाए ताकि स्वच्छता बनी रहे, इसलिए इस कार्य को नागरिक अपना कर्तव्य समझकर स्वयं करें और दूसरों को भी करने के लिए प्रेरित करें। और जिस व्यक्ति को खुले में कचरा फेकते देखें तो स्वयं की जागरूकता का परिचय देते हुए उसे रोके और टोके इस प्रकार सम्मिलित प्रयास से हम अपने शहर को स्वच्छता रैंकिंग में अच्छा स्थान दिला सकते हैं। छोटे-छोटे उपाय से हम नगर को रख सकते हैं- स्वच्छ-नगर को साफ सुथरा रखने के लिए नागरिक छोटे-छोटे से प्रयासों के द्वारा नगर को साफ और स्वच्छ रख सकते हैं और शहर को कचरा मुक्त बना सकते हैं इसके लिए जरूरी है कि नागरिक अमानक पॉलीथिन का उपयोग न करें बल्कि उसके स्थान पर कपड़े और कागज से बने थैलो का उपयोग करें जो उनके स्वास्थ्य के साथ-साथ नगर को स्वच्छ बनाने में भी सहायक सिद्ध होगा।

# बिजली कंपनी के कर्मचारी तारों के पास पहुंची झाड़ियों को मशीन से कटवा रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

बिजली कंपनी द्वारा एक दिन पूर्व सूचना देकर गुरूवार को दिनभर नगर के विभिन्न स्थानों पर विधुत लाइनों में बाधा बनने वाली और फाल्ट आने के प्रमुख कारण वृक्षों की झाडिय़ों की साफ सफाई कटाई की जाती रही है। नगर में सुचारू और विधुत सप्लाई के लिए 5 स्थानों पर नए एवी स्वीच लगाने चिन्हित किए गए।

जब भी तेज हवा चलती है नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद हो जाती है। करेंट दौड़ते विधुत तारों के ढीले होने के साथ वृक्षों की झाड़ियों टकराने से बार-बार फाल्ट के कारण संपूर्ण नगर और विभिन्न हिस्सों में घंटों बिजली बंद रहने की स्थिति भारी परेशानी का कारण बन रही थी।



### ऊंची मशीन का झाड़ियां छांटने में उपयोग

गुरूवार को बाहर से आई काफी ऊंची मशीन का उपयोग कर नगर के विभिन्न हिस्सों में विधुत लाइनों पर आ जाने, टकराने वाली वृक्षों की झाडिय़ों को काटने छाटने का सिलसिला चलता रहा। इसके लिए क्रमबद्ध ढंग से जहां काम हुआ वहां बिजली की सप्लाई बंद रही। अगले कुछ दिनों नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में ऊंची मशीन का उपयोग कर झाड़ियों को काटने, छाटने का कार्य चलता रहेगा। इसी के साथ नगर की बिजली सप्लाई निर्वाध रखने, फाल्ट आने पर उसी हिस्से की बिजली बंद रहे। नगर के विभिन्न 5 स्थानों पर नये एवी स्वीच लगाने चिन्हित किए गए है। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में सैकड़ों ट्रांसफार्मर रखे हुए है। इन डीपी के पास स्वीच बाक्स रखे है। दर्जनों स्थानों पर स्वीच बाक्स बिना ढक्कन और खुले रहने से कभी भी जानलेवा हादसे की संभावना बनी रहती है। नगर में अनेक ओव्हर लोड ट्रांसफार्मर है, जिनको भार क्षमता के अनुसार बदलना भी जरूररी है। जिससे ट्रांसफार्मर जलने खराब होने के कारण घंटों बिजी बंद रहने की समस्या से मुक्ति मिल सके।

# बाड़ी में 100 से अधिक तालाब, जल संरक्षण के प्रति उदासीनता के कारण नीचे खिसक रहा भू-जल स्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

कभी नदियां और तालाब ही ग्रामीणों की जलापूर्ति के साधन हुआ करते थे। हेंडपंपों, ट्यूबवेलों के साथ नल जल योजनाओं के कारण प्राचीन तालाब उपेक्षा का शिकार होकर कूडादानों में तब्दील हो गए। राजस्व रिकार्ड में तो बाड़ी, बरेली तहसीलों मतें 100 से अधिक तालाब दर्ज है। परंतु मौके पर तालाबों की भूमियों पर अतिक्रमण कर मकान बना लेने के साथ खेती किए जाने से प्राचीन तालाबों का अस्तित्व ही मिटता जा रहा है।

### तालाब बने कूड़ादान

दशकों पूर्व तक किसी गांव का तालाब उसकी शान हुआ करता था। कुंओ पर पेयजल के लिए महिलाओं की सुबह से भीड़ लगा करती थी। हेंडपंपो, ट्यूबवेलों का चलन बढ़ने के साथ बड़े ग्रामों में नलजल योजनाए शुरू होने से पुराने सभी के उपयोग वाले प्राचीन तालाब उपेक्षा का शिकार होने लगे, अब तो उनका उपयोग गोबर, कचरा डालने के लिए होने से तालाबों में विभिन्न प्रकार के कीटपतंगों के पैदा होने के स्थान बन गए। तालाबों की निरंतर उपेक्षा से गांवों में लगे हेंडपंपों, ट्यूबवेलों का भी जल स्तर तेजी से नीचे खिसकने की स्थिति बन रही है। तालाबों में पानी भरने के स्थान पर बारिश के मौसम में सिर्फ घासफूस, कचरा गंदगी ही दिखलाई देती है। दूसरा तालाबों पर अतिक्रमण के कारण उनका क्षेत्रफल निरंतर कम होने से बारिश में डबरा डबरी जैसा पानी भरा दिखलाई देता है।



### गहरीकरण, साफ सफाई के प्रति उदासीनता

बाड़ी जनपद की बरेली, बाड़ी तहसीलों में 100 से अधिक तालाब राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। कुछ बडे ग्रामों में एक, दो नहीं तीन-तीन तालाब कई एकड क्षेत्रफल वाले हैं। यदि इन प्राचीन तालाबों का गहरीकरण हो जाए, तालाबों की भूमियों पर से अतिक्रमण हट जाए तो तालाबों में भरने वाला भरपूर पानी भू-जल स्तर बढ़ाने के साथ गांव की मवेशियों की प्यास बुझाने पानी उपयोग हो सकता है। एक एकड़ के एक तालाब निर्माण पर लगभग 10 लाख की राशि खर्च होती है। यदि पुराने तालाबों की साफ सफाई, गहरीकरण पर राशि खर्च हो जाए तो तालाबों का स्वरूप बदल सकता है।

### बिना नंबर प्लेट अंधी रफ्तार से सड़कों पर दौड़ते डंपर दे रहे हादसे को न्यौता

# पुलिस-खनिज विभाग की लापरवाही से अंधी रफ्तार से सड़कों पर दौड़ रहे ओवरलोड डंपर

- जिम्मेदार अधिकारी कार्यालय में बैठ कर करते हैं मानीटरिंग
- शासकीय कार्यालियों के सामने से ही बे-खौफ निकलते है डंपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर में बगैर नंबर प्लेट के वाहन सड़कों पर दौड़ते हुए देखे जा रहे है, ऐसे वाहन कंडम होने के साथ ही आबादी वाले मार्गो से अंधी रफ्तार से गुजरते है जिससे हमेशा ही हादसे का भय बना रहता है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा ऐसे वाहनों पर कार्रवाही नहीं कर रहे है। फल स्वरुप बगैर नंबर प्लेट वाले वाहन चालक मनमानी पूर्वक लापरवाही से वाहन संचालित कर रहे है।

प्रतिदिन रेत गिट्टी एवं निर्माण सामग्री ढोने वाले डम्पर मनमानी पर उतारू हैं। बेलगाम गति से दौड़ने वाले इन वाहनों में नंबर प्लेट ही नहीं रहती है, जिससे इसकी पहचान हो सके। नियम तोडऩे वाले ये चालक पुलिस के सामने से बेखौफ वाहन निकाल रहे हैं और पुलिस तमाशा देखती रहती है। जल्दबाजी और सूनेपन में तेज गति से चलाने वाले इन वाहन चालकों से दुर्घटना होने पर ये घटनास्थल से भाग जाते हैं और नंबर नहीं होने से इनकी पहचान नहीं हो पाती है। बिना नंबर सड़क पर नगर के आसपास से गिट्टीए हार्ड मुरम और रेत का परिवहन करते समय अधिकतर किया जा रहा है। भवन निर्माण सामग्री गिट्टी, रेत, मुरम आदि सामग्री की दिन व रात के समय सप्लाई करने वाले डम्पर हालत यह है कि इसमें वाहन के पीछे एक तेज लाइट का बल्ब लगा दिया जाता है और ये तेज गति से शहर के भीतर प्रवेश करते हैं। लाइट की वजह से पीछे से आने वाले वाहन चालक भ्रम की स्थिति में रहते हैं।



**इन रेत के ओवरलोड वाहनों में नहीं रहती है नंबर प्लेट**

*इन वाहनों की हकीकत यह है कि इसमें नंबर प्लेट ही नहीं रहती है। वाहन के किसी भी भाग में नंबर तक नहीं लिखा रहता है। दिखाने के लिए नंबर प्लेट लगी रहती है जिस पर मिट्टी आदि लगी रहती है। वाहनों के आगे भी नंबर प्लेट की यही स्थिति रहती है। इन वाहनों में नंबर प्लेट टूटी हुई रहती है या फिर उसमें रजिस्ट्रेशन नंबर लिखा ही नहीं रहता है। हादसे के बाद ऐसे वाहन मौका ए बारदात से भाग जाते है जिसकी पहचान करना पलिस के लिए मुश्किल हो जाता है।*

#### कोड वर्ड में लिखते है गाड़ी का नाम

*भवन निर्माण सामग्री विक्रेताओं का कहना है कि ये गाड़ी कोड वर्ड पर पहचानी जाती है। इन वाहनों में कंपनी का नाम अंग्रेजी में लिखा होता है या फिर कंपनी के सारे वाहनों में एक ही अंग्रेजी या हिन्दी की शब्दावली रहती है, जिसे वाहनों में लिखा जाता है।*

#### हादसा हुआ तो जिम्मेदार कौन

पुलिस व परिवहन विभाग की ओर से परिवहन नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए तमाम अभियान चलाए जाते हैं। इसके तहत कार्रवाई भी की जाती है। रेत गिट्टी से भरे कई ओवरलोड डंपर बिना नंबर प्लेट नजर आते हैं। इन पर प्रभावी कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है। वाहनों में रेत गिट्टी ऊपर तक भरी रहती है। ओवरलोडिंग के कारण हादसे का खतरा बना रहता है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि रेत गिट्टी पर बिना नंबर प्लेट चल रहे ओवरलोड वाहनों से यदि हादसा हुआ तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।

#### प्रशासन को करनी होगी कार्रवाई

बगैर नंबर प्लेट, कंडम, ओवरलोड़, बगैर बीमा, फिटनेस सहित यातायात के अन्य नियमो का पालन नही करने वाले वाहनो प्रशासन के द्वारा अभियान चला का कार्रवाही करनी होगी। कार्रवाही ना होने पर वाहन मालिकों में प्रशासन का भय नहीं रहता हैं। कानून का भय बना रहे इस पर अधिकारियों को दल बना कर कार्रवाही को अंजाम देना होगा, तभी व्यवस्था में सुधार संभव हो सकता हैं।

वाहन के पीछे बल्ब जलने की वजह से वाहन चालकों को ओवरटेक करने में सर्वाधिक परेशानी होती है।

## कलेक्टर ने की पीएचई अंतर्गत जल जीवन मिशन की समीक्षा

### कहा- जल जीवन मिशन के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर पेयजल वितरण प्रारंभ कराएं





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

गुरुवार को कलेक्ट्रेट में कलेक्टर अरविंद दुबे की अध्यक्षता में पीएचई विभाग अंतर्गत जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने ब्लॉक वार ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यो की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों तथा ठेकेदारों से कहा कि लोगों को पेयजल की उपलब्धता शासन की प्राथमिकता का कार्य है। इसलिए जल्द मिशन के कार्यो को पूर्ण किया जाए।

कलेक्टर ने अधिकारियों से जानकारी लेते हुए ठेकेदारों को निर्देश दिए कि जिन ग्राम पंचायतों में 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है, वहां आगामी एक महीने में कार्य पूर्ण कर पेयजल वितरण करें। साथ ही अधिकारियों को भी मॉनीटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने समीक्षा के दौरान कम प्रगति वाले ठेकेदारों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने के लिए कहा।

#### रुके कार्य को शीघ्र पूर्ण करने निर्देश दिए

*कलेक्टर ने ठेकेदारों से कहा कि कार्य सम्पन्न आने में यदि किसी भी प्रकार की कठिनाई आती है तो वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराएं। ई-पीएचई सहित अन्य अधिकारियों को भी विभागीय स्तर पर लंबित कार्यवाहियों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने ठेकेदारों को निर्देश दिए कि जल्द से मिशन के कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन ठेकेदारों की कार्य प्रगति शून्य है या बहुत कम है, उन्हें ब्लैक लिस्ट करें।*

---

**खबर संक्षेप**

### एबीवीपी बाड़ी ने लटकाए पक्षियों के लिए जल पात्र



**बाड़ी।** भीषण गर्मी से मानव जाति व्याकुल है, वहीं पक्षी एक-एक बूंद के लिए कोसों का सफर कर रहे। आज हम उस युग में जी रहे हैं यहां हमें मानवता को दिखाना ही नहीं है उसे प्रकट भी करना है। ऐसा ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बाड़ी इकाई के सदस्यों ने पक्षियों की व्याकुलता को देखते हुए जगह जगह जल पात्र एवं दाना पानी जलपट्ट लटकाए गए। परिषद ने बालक-बालिका आदिवासी सेवा संघ, मां हिंगलाज परिसर, मढई माता देवी स्थल पर पक्षियों को पानी जल पात्र लटका कर एक अच्छी मुहिम की शुरुआत की है।

### रेलवे ट्रैक पर अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

**दीवानगंज।** रेलवे स्टेशन के समीप भदभदा रेलवे ट्रैक गढ़ मुर्रा पुलिया के पास बुधवार शाम 7:30 के लगभग ट्रेन एक्सीडेंट से एक अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु हो गई। जिसकी उम्र करीबन 25 से 30 साल हैं। मृत व्यक्ति के दाहिने हाथ की कलाई में पीले रंग का प्लास्टिक का बेल्ट पहना है, जिस पर जय श्री श्याम लिखा है। दाहिने हाथ की उंगली में धातु की अंगूठी पहने हुए है। मृतक ने नीला अंडरवियर और नीले रंग का लोअर पहना हुए हैं। शव की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

### बाइक चालक ने महिला को मारी टक्कर, घायल

**दीवानगंज।** गुरुवार को एक महिला अपनी स्कूटी से भोपाल से सांची जा रही थी। जैसे ही जमुनिया जोड़कर पहुंची जमुनिया की तरफ से आ रहा मोटरसाइकिल चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार महिला रोड पर गिर गई, गिरने के कारण महिला मामूली सी रूप से चोट लगी है तो वहीं स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई है। महिला ने मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ शिकायती की आवेदन दीवानगंज चौकी में दिया है। दीवानगंज पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

### गहराया जलसंकट, बूंद-बूंद को तरस रहे लोग

**सांची।** सांची में जल संकट गहराता चला जा रहा है। लोगों की मानें तो तीन दिन में एक दिन पानी की सप्लाई हो रही है। इस भीषण गर्मी में लोग एक-एक बूंद पानी को तरस रहे हैं, जब भी गर्मियों का मौसम आता है नगर में पानी का कोलाहल मचना प्रारंभ हो जाता है। नगर परिषद द्वारा लोगों के लिए टैंकरों से पानी घर घर पहुंचाया जा रहा है। पानी के जितने भी बोर थे सब सूखने की कगार पर है। वही सांची की आधी बस्ती पहाड़ी पर बसी है इस कारण पानी देने में दिक्कत पड़ रही है।

---

**कार चालक पर किया मामला दर्ज**

## बाइक सवारों को कार ने मारी टक्कर, 3 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर।

थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बाइक चालक अपने परिचितों को लेकर गाडरखेड़ी गांव से मुक्तापुर गांव की ओर जा रहा था, तभी भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर एक तेज़ रफ्तार कार जो विदिशा से भोपाल जा रही थी ने मोटरसाइकिल में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे चालक बादाम सिंह नाथ और पीछे बैठे दो लोगों चिंटू नाथ और भूपेन्द्र नाथ घायल हो गए। इनको हाथ, पैर व सिर में चोटें आईं हैं। जिन्हें 108 एम्बुलेंस की मदद से सांची सिविल अस्पताल रेफर किया गया है।

वहीं सलामतपुर पुलिस ने फरियादी मोटरसाइकिल एमपी04 क्यूआर 4215 के चालक बादाम सिंह नाथ पिता अमर सिंह नाथ उम्र 40 वर्ष की रिपोर्ट पर सिल्वर रंग की एर्टिगा कार एमपी04 सीडब्लू 2344 का चालक जो टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया के विरूद्ध धारा 279, 337 आईपीसी का मामला पंजीबद्ध किया है।

#### कार चालक पर मामला दर्ज

*भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर लापरवाही से कार चला रहे चालक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर बैठे 3 लोग घायल हो गए। कार चालक पर मामला पंजीबद्ध किया गया है।*

*- दिनेश सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी सलामतपुर।*

---

### सलामतपुर पुलिस लगातार कर रही है बैंकों का निरीक्षण

## पुलिक ने किया एसबीआई बैंक का निरीक्षण, ग्राहकों को दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना पुलिस निरंतर कस्बे के बैंकों का निरीक्षण कर रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी के दिशा निर्देशन में एएसआई सुनील शर्मा, प्रधान जितेंद्र वर्मा और आरक्षक रोहित गोस्वामी ने भारतीय स्टेट बैंक ब्रांच सलामतपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। सुरक्षा, व्यवस्थाओं के बारे में बैंक अफसरों से चर्चा की।

वहीं खाताधारकों को भी समझाइश दी। पुलिस ने सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। कोई घटना घटे इससे पहले ही पुलिस ने बैंकों पर सतत निगरानी रखना शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि रायसेन पुलिस अधीक्षक विकाश शाहवाल के निर्देश पर जिले भर में सभी बैंकों एवं वित्तीय प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं संचालकों को निर्देश देने बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरे हमेशा चालू रखने और जिन बैंकों में नहीं लगे हैं वहां लगवाने की हिदायत दे रहे हैं। गुरुवार को थाना प्रभारी ने पुलिस अमले को भारतीय स्टेट बैंक का निरीक्षण करने भेजा और वहां की व्यवस्थाओं को जाना।

थाने के एएसआई सुनील शर्मा ने बैंक के मैनेजर कृष्णा नरनावरे से सुरक्षा व्यवस्था संबंधी चर्चा उपरांत जिन बैंकों में सीसीटीवी कैमरे नहीं है वहां उन्हें तत्काल लगवाने और बैंक हितग्राहियों को सुरक्षा से राशि निकालने व जमा करने के निर्देश देते हुए ग्राहकों को भी इसके बारे में समझाइश देने के लिए प्रेरित किया।



#### बैंक के अफसरों से सुरक्षा के संबंध में चर्चा की

*पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुरुवार के दिन कस्बे सलामतपुर की भारतीय स्टेट बैंक का आस्कमिक निरीक्षण किया गया और बैंक के अफसरों से सुरक्षा व व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा भी की। इस दौरान बैंकों के सीसीटीवी भी चेक किए गए। खासतौर से पुलिस प्रशासन बैंकों पर सख्ती से नजर रख रहा है। ताकि आगे किसी प्रकार की कोई अनहोनी ना हो सके। वहीं उपभोक्ताओं को भी बैंक में पैसा जमा करने आते समय और बैंक से पैसा ले जाते समय एहतियात बरतने की जरूरत है।*

*- दिनेश सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी सलामतपुर।*

#### किसानों को पैसे सुरक्षित ले जाने दी समझाइश

*निरीक्षण के दौरान ही एएसआई सुनील शर्मा ने बैंक से रकम ले जा रहे नजदीकी गांव के किसान को नोट की गड्डी हाथ में ले जाते हुए देखकर उसे सुरक्षित ढंग से अपनी राशि ले जाने की समझाइश दी और कहा कि आप लोगों की इसी लापरवाही के कारण जिले में लूट व चोरी की घटनाएं हो जाती हैं। इसके साथ ही वहां भीड़ में मौजूद किसानों को भी समझाइश देकर बैंक से पैसों की निकासी में विशेष सावधानी बरतने को कहा है। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक में कुर्सियों की व्यवस्था सही तरीके से होने पर बैंक की सराहना की। इस दौरन बैंक मैनेजर कृष्णा नरनावरे भी मौजूद रहे।*

---

## बिजली की कटौती से उपभोक्ता परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

सांची नगर मे बिजली कटौती से उपभोक्ता हो रहे हैं परेशान बिजली अधिकारियों कि घौर लापरवाहियों के चलते वे वक्त अंधकार छाया रहता है। महीने में छह बार मेंटेनेंस के नाम पर आए दिन घंटों बिजली कटौती करते हैं, फिर भी एक छोटा सा हवा का झोका आने से बिजली गुल हो जाती है दिन में कई बार लुका छुपी करती रहती है।

इस भीषण गर्मी में लोग वैसे ही बहुत परेशान रहते रात में बिजली गुल होने से लोग अधिक परेशान हो जाते हैं। घर के अंदर गर्मी और बाहर मच्छरों से परेशान लोगों का कहना है कि बिजली विभाग द्वारा बिजली कटौती को नहीं रोका गया तो बिजली विभाग में जाकर धरना-प्रदर्शन करेंगे। इतना मेंटिनेंस करने के बाद भी कहीं ट्रांसफार्मर खुले पड़े हैं, तो कही केवल लटकी नजर आ रही है।

---

## उपयंत्री का कारनामा, बिना लेबर के बना दी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

बाड़ी जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत नानपोन में प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण योजना मनरेगा को दरकिनार कर सी सी रोड का निर्माण करवाया गया जिसमें गुलाब सिंह के मकान से नरेश के खलयान तक सड़क बननी थी टी एस नंबर 697 दिनांक 16 दिसंबर 2022 राशि 5 लाख 24 हजार रुपए स्वीकृत की गई जिसमें में 15 प्रतिशत मनरेगा मजदूरी स्वीकृत थी जिसमें प्रधानमंत्री महत्वपूर्ण योजना मनरेगा को दरकिनार कर काम करवा लिया गया

#### नियमों को दरकिनार कर किया कार्य

जब प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण योजना मनरेगा में पंचायत के गरीब मजदूरों को काम देना अनिवार्य है लेकिन सरपंच सचिव ने यह कार्य ठेके पर करवा लिया गया जबकि मनरेगा से कोई भी कार्य इस सड़क पर मजदूरों से नहीं करवाया गया जो कि मनरेगा के नियमों के खिलाफ है।



#### इनका कहना है

*सड़क बनी दिखी तो मैंने मूल्यांकन कर दिया वाकी नियम क्या यह ए ई से पूछ लें*

*- आरती गौतम, उपयंत्री*

*यदि किसी कार्य में मनरेगा सम्लित है तो बगैर मजदूरी चलाए मूल्यांकन नहीं किया जा सकता यह शासन के नियमों के विरुद्ध है*

*- संजय राय, ए ई बाड़ी*

*यदि ऐसा कोई काम किया गया है तो जांच करवा कर कार्यवाही की जाएगी*

*- दानिश अहमद खान, सीईओ बाड़ी*

#### उपयंत्री ने कैसे किया मूल्यांकन

शासन द्वारा निर्माण कार्य की देखरेख हेतु अच्छी तनख्वाह पाने वाले उपयंत्री रखें गए हैं ताकि शासन के नियमों का पालन करवाया जा सके परन्तु यहां पर उपयंत्री आरती गौतम द्वारा सभी नियमों को शिथिल करते हुए बगैर मनरेगा के मजदूरों से काम करवाए सड़क का मूल्यांकन कर दिया गया जो की सिबिल सेवा अधिनियम के विरुद्ध है।

#### क्या कहते हैं नियम

टीएस में यदि मनरेगा सम्लित है तो बगैर मनरेगा के मजदूरों से काम करवाए बिना मूल्यांकन नहीं किया जा सकता जबकि आरती गौतम ने इस सड़क का मूल्यांकन क्यों किया जब मनरेगा मजदूरों ने काम किया ही नहीं तो सड़क निर्माण कार्य कैसे हों गया

---


## खरबई घाटी पर पलटा सीएनजी गैस से भरा ट्रक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बुधवार रात 10:30 बजे भोपाल मार्ग स्थित खरबई घाटी पर सीएनजी से भरा एक ट्रक खरावाई घाटी से नीचे पलट गया। ट्रक पलटते ही गैस का रिसाव होने लगा। सूचना मिलने पर कलेक्टर अरविंद दुबे एवं एसपी विकास कुमार शाहवाल मौके पर पहुंचे। घटना की गंभीरता से देखते हुए आसपास के थानों की पुलिस फोर्स सहित फायर ब्रिगेड मौके पर बुलाया गया।

एसपी ने बताया सीएनजी से भरा ट्रक मंडीदीप रायसेन की ओर आ रहा था इसी दौरान खरबई घाटी पर टपलट गया। ट्रक चालक सुरक्षित है, गैस का रिसाव होने के चलते लोगों की सुरक्षा को देखते हुए दोनों और ट्रैफिक को रोका गया।

कलेक्टर ने बताया कि मौके पर कुछ ही देर बाद टीम पहुंची। लोगों की सुरक्षा को देखते हुए घटनास्थल से दूरी बनाने को कहा गया। मौके पर एसडीएम पीसी शाक्य तहसीलदार , एसडीओपी मौजूद रहे।



### पुष्टि : बाघ के हमले से ही हुई थी ग्रामीण की मौत

**रायसेन।** नीमखेड़ा कुशियारी के जंगल में एक व्यक्ति की मौत हो गई। गुरुवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि मनीराम की मौत बाघ के हमले से हुई थी। मामले में गुरुवार सुबह 9 बजे डीएफओ विजय कुमार और एसडीओ सुधीर पटले की मौजूदगी में वर्ल्ड लाइफ डॉक्टरों सहित जिला अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने मृतक मनीराम का पोस्टमार्टम किया। इस दौरान सुबह मृतक के परिजनों ने आक्रोश भी जताया था पर मौके पर मौजूद डीएफओ ने ग्रामीणों को समझाइश दी। साथ ही मृतक मनीराम जाटव के परिजनों को 8 लाख का मुआवजा भी दिया है। वन विभाग द्वारा पूरे जंगल में 40 से ज्यादा कैमरे लगाए हैं। साथ ही ग्रामीणों को जंगल में न जाने की सलाह दे रहे है।

---

**बेदी प्रतिष्ठा आयोजन समिति का गठन**

## 11 साल बाद जैन समाज कर रहा बेदी प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर की श्री तारण तरण दिगंबर जैन समाज के द्वारा महत्वपूर्ण 3 दिनी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसकी तारीख का निर्धारण किया जा चुका है। कार्यक्रम को बेहतर व भव्य बनाए जाने को लेकर बैठको का आयोजन कर कार्यक्रम को लेकर चर्चा व समिति का गठन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर समाजजनो में उत्साह देखा जा रहा हैं। श्री तारण तरण दिगंबर जैन समाज द्वारा आगामी वर्ष 7 से 9 फरवरी तक जिनवाणी अस्ताप, बेदी प्रतिष्ठा एवं कलशारोहण महा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 11 साल बाद उक्त कार्यक्रम आयोजित किए जाने का सौभाग्य नगर की तारण तरण जैन समाज को सभी के प्रयासों से प्राप्त हुआ है।

#### कार्यक्रम को लेकर चल रही तैयारियां

*श्री तारण तरण दिगंबर जैन समाज ईकाई सिलवानी के अध्यक्ष सवाई सेठ जयबाबू जैन ने बताया कि धर्म नगरी सिलवानी में 11 साल के लंबे अंतराल के बाद समाज द्वारा तीन दिवसीय जिनवाणी अस्ताप, बेदी प्रतिष्ठा एवं कलशारोहण महामहोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तारीख का निर्धारण महासभा की अनुमति से किया जा चुका है। कार्यक्रम की भव्यता व सफल संचालन को लेकर सर्व सहमति से बेदी प्रतिष्ठा आयोजन समिति भी गठित की गई है जिसमें अध्यक्ष सवाई सेठ प्रवीण समैया, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कुमार जैन मल्लू भाई का चयन किया है। अन्य पदाधिकारियों में महामंत्री सवाई सेठ संजय समैया बल्ले भैया, उपाध्यक्ष राकेश समैया सेवा निवृत शिक्षक), कोषाध्यक्ष सुमित जैन तारण ज्वेलर्स को शामिल किया है। कार्यक्रम में बेदी सूतन में शामिल होने वाले जोड़ों से आग्रह किया है कि वह अपने नाम की सहमति सवाई सेठ संजय समैया व धर्मेश कुमार जैन को तय समय सीमा 15 जून तक आवश्यक रुप में दे दे। कार्यक्रम की अन्य तैयारियों को लेकर भी चर्चाओं का सिलसला जारी है।*

---

## जिले की शास. आईटीआई में शत-प्रतिशत प्रवेश कराने के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश

- जिला कौशल समिति की बैठक हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रायसेन अंतर्गत जिला कौशल समिति की बैठक कलेक्टर अरविंद दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिले में संचालित शासकीय आईटीआई में सत्र 2024-25 में शत-प्रतिशत प्रवेश हेतु विभागों के सहयोग, आईटीआई में शार्टटर्म कोर्स प्रारंभ किए जाने, जिले में संचालित तीन नवीन आईटीआई बेगमगंज, गैरतगंज तथा सिलवानी में नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाने सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्कूल शिक्षा, महिला बाल विकास विभाग तथा जनजातीय कार्य विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समन्वित रूप से प्रयास कर जिले की सभी शासकीय आईटीआई में शत-प्रतिशत सीटों पर प्रवेश कराएं।

आईटीआई में इलेक्ट्रिशियन, फिटर, ड्राफ्ट्समेन सिविल, वेल्डर, कोपा, स्टेनोग्राफी हिन्दी ट्रेड पाठ्यक्रम संचालित हैं। महिलाओं को भी कौशल उन्नयन हेतु ट्रेड्स में प्रवेश लेने हेतु प्रोत्साहित करें।





आईटीआई रायसेन के अधीक्षक प्रदीप कुमार खातरकर ने बताया कि जिले में रायसेन, मंडीदीप, देवरी, गैरतगंज, बेगमगंज तथा सिलवानी में शासकीय आईटीआई संचालित हैं। ट्रेड्स की जानकारी देते हुए कहा कि आईटीआई रायसेन में फिटर, इलेक्ट्रिशियन, ड्राफ्ट्समेन सिविल, वेल्डर, कोपा, स्टेनोग्राफी हिन्दी ट्रेड, मण्डीदीप में इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर, कोपा, इलेक्ट्रिशियन मैकेनिक, मेकेनिक मोटर व्हीकल तथा ट्रेक्टर मैकेनिक, देवरी में इलेक्ट्रिशियन, फिटर, ड्राफ्टमेन सिविल, वेल्डर, कोपा, स्टेनोग्राफी हिन्दी, मेकेनिक मोटर व्हीकल, स्वीइंग टेक्नोलॉजी, टर्नर तथा मशीनिष्ट ट्रेड्स संचालित हैं।